# आईटीएस कॉलेज में होगा डीजे नाइट

**शाम 07:30 बजे :** मुरादनगर स्थित आईटीएस कॉलेज में डीजे नाइट का आयोजन किया जाएगा।

2022.12.10 09:07

परमार्थ संदेश

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में वार्षिक सांस्कृतिक, खेलकूद एवं साइंटिफिक कार्यक्रम ऑक्लूजन-2022 आयोजित









**गाजियाबाद।** मुरादनगर स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में दो दिवसीय सांस्कृतिक, खेलकूद एवं साइंटिफिक कार्यक्रम ऑक्लूजन-2022का आयोजन उत्साह और जोश के साथ आरंभ हुआ। कार्यक्रम में देशभर के 35 डेंटल कॉलेजों के 2500 से अधिक बीडीएस और एमडीएस के छात्रों ने विभिन्न साइंटिफिक पेपर/पोस्टर प्रेजेंटेशन में भाग लेने के साथ-साथ उन्होंने सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं में अपनी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया।

कार्यक्रम के पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें ऑन स्टेज कार्यक्रम में जैसे सोलो सिंगिग, सोलो डांसिंग, मैड-एड, डयूट सिंगिंग, मैड-एड, स्किट/माईम, इंस्ट्रूमेंटल, कवि सम्मेलन, क्विज, वैराइटी, डयूट डांस, सोलो डांस, ग्रुप सिंगिंग और अन्ताक्षरी एवं ऑफ स्टेज कार्यक्रम में फेस पेंटिंग, पब्जी, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, रंगोली, मास्टर शेफ, फोटोग्राफी, नुक्कड़ नाटक सहित मंच पर विस्मयकारी उत्साह से भरभूर कार्यक्रम शामिल थे। इसके साथ ही फैशन शो और ग्रुप डांस का भी आयोजिन किया गया। इसके साथ ही खेलकूद कार्यक्रमों में क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, बॉस्केट बॉल, शतरंज, टेबल टेनिस, खो-खो आदि जैसे विभिन्न खेल आयोजित किये गये जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

इस पूरे कार्यक्रम के माध्यम से परिसर में ऊर्जा और उत्साह का एक नया स्तर देखा गया। आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने सभी विद्यार्थियों को अपने शब्दों के द्वारा प्रेरित किया और प्रतिस्पर्धा और टीम भावना के मूल्यों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से पूरे देश से आये छात्रों के बीच सांस्कृती का आदान-प्रदान का अवसर मिलेगा जिससे उन्हें एक-दूसरे को समझने, बातचीत करने और काम करने का मौका मिलेगा। इस कार्यक्रम में आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डा. आरपी चड्ढा एवं सेक्रेट्री भूषण कुमार अरोड़ा, संस्थान के डायरेक्टर-पीजी कोर्सेज डा. श्रीनाथ ठाकुर और प्रधानाचार्य डा. देवी चरण शेट्टी भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये संस्थान के सभी अध्यापकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दिन के मुख्य आकर्षण गाला डीजे नाइट में डीजे आकांक्षा पोपली द्वारा बजाये गये मनोरंजक संगीत का आनंद लेने के लिये भारी भीड़ देखी गयी, जहां देश-भर के छात्रों ने हिट पार्टी मिक्स पर जमकर डांस किया।

# प्रतियोगिता में देश के हजारों छात्रों ने लिया भाग



■ **एनबीटी न्यूज, मुरादनगर :** दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में दो दिवसीय सांस्कृतिक खेलकूद व साइंटिफिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें देश के 35 डेंटल कॉलेज के ढाई हजार से अधिक छात्र भाग ले रहे हैं। इस दौरान सोलो सिंगिंग, डांसिंग मैड एड, ड्यूट सिंगिंग, क्विज वैरायटी, ड्यूट डांस अंताक्षरी व कवि सम्मेलन का भी हुआ। इसके अलावा डीजे नाइट में डांसर आकांक्षा पोपली द्वारा बजाए गए संगीत पर छात्रों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर आर. पी. चड्डा, भूषण कुमार अरोड़ा, देवीशरण शेट्टी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों से छात्रों ने मन मोहा

मुरादनगर। दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में दो दिवसीय सांस्कृतिक, खेलकूद और साइंटिफिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोलो सिंगिंग, डांसिग मैडएड, ड्यूट सिंगिंग, क्विज वैरायटी, ड्यूट डांस, अंताक्षरी और कवि सम्मेलन का भी हुआ। इसके अलावा फेस पेंटिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, रंगोली, मास्टर शेफ, फोटोग्राफी और नुक्कड़ नाटक से छात्र-छात्राओं ने मन मोह लिया।

# आईटीएस डेन्टल कॉलेज में

# दो दिवसीस सांस्कृति व खेलकूद प्रतियोगिता का किया आयोजन

**मुरादनगर(करंट क्राइम)**। नगर क्षेत्र में दिल्ली मेरठ मार्ग स्थित आईटीएस डेन्टल कॉलेज में दो दिवसीय सांस्कृतिक खेलकूद व साइंटिफिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के 35 डेन्टल कॉलेज के ढाई हजार से अधिक छात्र भाग ले रहे है। इस दौरान सोलो सिगिग ,डांसिंग मैडएड, डयूट सिंगिंग, क्विज वैरायटी, डयूट डांस अंताक्षरी व कवि सम्मेलन का भी हुआ।

इसके अलावा फेस पेंटिंग, पब्जी, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, रंगोली, मास्टर शेफ ,फोटोग्राफी व नुक्कड़ नाटक करके छात्र छात्राओं ने समा बांध दिया। संस्थान के वाईस चेयरमैन अर्पित चढ्डा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों में उत्साह



व जोश बढ़ता है। पूरे देश से आए दात्रों के बीच सांस्कृतिक आदान प्रदान व एक दूसरे को समझने का मौका मिलता है। इसके अलावा डीजे नाइट में डांसर आकांक्षा पोपली द्वारा बजाए गए संगीत पर छात्रों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर आर.पी. चढ्डा ,भूषण कुमार अरोड़ा, देवीशरण शेट्टी श्रीनाा ठाकुर सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# आईटीएस में दो दिवसीय कार्यक्रम ऑक्लूजन-2022 का आयोजन



**कार्यालय संवाददाता**

गाजियाबाद (युग करवट)। आईटीएस डेंटल कॉलेज में दो दिवसीय सांस्कृतिक, खेल-कूद एवं साइंटिफिक कार्यक्रम 'ऑक्लूजन-2022' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में देशभर के 35 डेन्टल कॉलेजों के 2500 से अधिक बीडीएस और एमडीएस के छात्रों ने विभिन्न साइंटिफिक पेपर/पोस्टर प्रेजेंटेशन में भाग लिया। इसके अलावा छात्रों ने सांस्कृतिक एवं खेल-कूद प्रतियोगिताओं में अपनी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया। पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें ऑन स्टेज कार्यक्रम में जैसे सोलो सिंगिग, सोलो डांसिंग, मैड-एड, ड्यूट सिंगिंग, मैड-एड, स्किट/माईम, इंस्ट्रूमेंटल, कवि सम्मेलन, क्विज, वैराइटी, ड्यूट डांस, सोलो डांस, ग्रुप सिंगिंग और अन्ताक्षरी एवं ऑफ स्टेज कार्यक्रम में फेस पेंटिंग, पब्जी, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, रंगोली, मास्टर शेफ, फोटोग्राफी, नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा खेल-कूद में क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, बॉस्केट बॉल, शतरंज, टेबल टेनिस, खो-खो आदि जैसे विभिन्न खेल आयोजित किये गये। इस मौके पर आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया और प्रतिस्पर्धा और टीम भावना के मूल्यों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से पूरे देश से आये छात्रों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में आईटीएस ग्रुप के चेयरमेन डॉ. आरपी चड्ढा, सेक्रेट्री भूषण कुमार अरोड़ा, डायरेक्टर पीजी कोर्सेज डॉ. श्रीनाथ ठाकुर और प्रधानाचार्य डॉ. देवी चरण शेट्टी और डीजे आकांक्षा पोपली भी उपस्थित थे।

